अग्रवाल महाविद्यालय में चला एनीमिया भगाओ अभियान

दिनांक 24 जुलाई, 2018 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में रोटरी क्लब फरीदाबाद ग्रेस व सर्वोदय अस्पताल के सहयोग से यूथ रैड़ क्रॉस और राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से रक्त अल्पता (एनीमिया) भगाओ अभियान पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में **274** लड़कियों ने हीमोग्लोबिन की जाँच कराई जिसमें से **49** लड़कियों में हीमोग्लोबिन की कमी पाई गई । महाविद्यालय में छात्राओं के स्वास्थय से संबंधित इस तरह के बहुत से शिविरों का आयोजन समय–समय पर किया जाता है । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त ने बताया कि अगर छात्राएं स्वस्थय रहेंगी तभी वो अपनी पढ़ाई कर सकेंगी और राष्ट्रहित में अपना शत–प्रतिशत सहयोग प्रदान कर सकेंगी । जिन छात्राओं में हीमोग्लोबिन की कमी पाई गइ उनको एनीमिया की दवाईयाँ उपलब्ध करवाई गई । रोटरी क्लब फरीदाबाद ग्रेस की डी.जी. श्री विनय भाटिया जी ने छात्राओं से आग्रह किया कि जो फल हम सब खाते हैं अगर उनकी गुठलियों को कूड़े में ना डालकर अगर हम उनको मिट्टी में ड़ाल दें और उगने के बाद उसे सही जगह पर लगा दें तो हमें फल, छाया व ऑक्सीजन मिलेगी, जिससे की हमारा पर्यावरण स्वच्छ व शुद्ध रहेगा । सर्वोदय अस्पताल की डॉक्टर दीप्ति गोयल ने छात्राओं में एनीमिया के कारणों, लक्षणों व अस्पताल उपचार से छात्राओं को अवगत कराया । उन्होंने छात्राओं को फास्ट फूड से दूर रहने व दूध, फल व हरी पत्तेदार सब्ज़ियों को खाने की सलाह प्रदान की, रोटरी क्लब फरीदाबाद ग्रेस ने महाविद्यालय की छात्राओं के लिए सैनेटरी नैपकिन वेंडिग मशीन व इनसिनरेटर मशीन दान की व उनका उद्घाटन भी किया । इस एक दिवसीय शिविर में रोटरी क्लब फरीदाबाद ग्रेस के अध्यक्ष रोटेरियन श्री सतीश गुप्ता, सचिव रोटेरियन श्री मनोज अग्रवाल, रोटेरियन श्री गौतम चौधरी, श्री विजय गुप्ता, श्री योगेश अग्रवाल, श्री मुकेश वर्मा, श्री अरूण बजाज, श्री सुनील गर्ग, श्री संदीप मित्तल, सर्वोदय अस्पताल से श्री वैभव सिंह, श्री नवीन शर्मा व अग्रवाल महाविद्यालय के यूथ रैड़ क्रॉस संयोजक डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. रेखा सैन, श्री लवकेश व राष्ट्रीय सेवा योजना की संयोजिका श्रीमति सीमा मलिक आदि उपस्थित रहे ।